संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 2015 : केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; पूर्व प्रधानमंत्री, डा. मनमोहन सिंह; नेता विपक्ष, राज्य सभा श्री गुलाम नबी आजाद; उप सभापति, राज्य सभा प्रो पी जे कुरियन; पूर्व उप प्रधानमंत्री और अध्यक्ष, आचार समिति (लोक सभा) श्री लालकृष्ण आडवाणी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमनअर्पित किए।

पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में संसद सदस्य; पूर्व संसद सदस्य; लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शरिफ शामिल थे।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1966 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।